

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण



राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

UTTHIN/2022/85670

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026

वर्ष : 04 | अंक : 22 | हरिद्वार | शनिवार, 14 जून, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर देहरादून में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला



देहरादून। ''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस'' के अवसर पर आज 12 जून को उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा होटल सैफरॉन लीफ, जीएमएस रोड, देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम की बढ़ती समस्या के प्रति जनजागरूकता लाना और इससे जुड़े कानूनी व सामाजिक उपायों की समीक्षा करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मा० अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके उपरान्त कार्यशाला में उपस्थित माननीय अतिथियों का परिचय करते हुए शॉल व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव डॉ शिव कुमार बरनवाल द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस की पृष्ठभूमि व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण, डी०पी०ओ०, श्रम विभाग और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर अवगत कराया गया कि राज्य में हुई जनगणना से संज्ञान में आया है कि पूर्व से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल श्रम में कमी आई है। जिला टास्क फोर्स द्वारा किए गए सक्रिय प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही निरंतर जांच, बाल तस्करी, धर्मांतरण पर कार्यवाही हेतु कहा गया। उन्होंने बताया कि कैसे यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा देता है।

## मुख्यमंत्री आवास में विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि



जतिन शर्मा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्ति की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा देश और विश्व के लिए अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। राज्य सरकार की संवेदनाएं इस दु:ख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है।

## किसी की जान बचाने के लिए आप भी ले प्रशिक्षण, प्रतिभागियों ने लिया जीवन बचाने का प्रशिक्षण





जतिन शर्मा

ऋषिकेश। एम्स के सोशल आउटरीच सेल के तत्वावधान में सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस इन सोशल आउटरीच एंड प्राइमरी केयर रिसर्च सेंटर में वर्कप्लेस फ़ास्ट ऐड, बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं होम हेल्थ एड का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस इन सोशल आउटरीच एंड प्राइमरी केयर रिसर्च सेंटर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के सदस्यों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं वर्कप्लेस फ़ास्ट एड एवं होम हेल्थ एड का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सोशल आउटरीच सेल के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने की विधियों से रूबरू कराया। वर्कप्लेस फर्स्ट , बीएलएस एवं होम हेल्थ एड का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया, जिससे वह आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को उच्च रक्तचाप और मधुमेह (शुगर), चोट लगने, लाइफ स्टाइल बीमारी की पहचान जैसी आम बीमारियों के प्रति समुदाय में जनजागरूकता बढ़ाने के साथ -साथ उन्हें प्रशिक्षित भी किया गया। डॉ. संतोष के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आमजन को प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है। इस सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस इन सोशल आउटरीच एंड प्राइमरी केयर रिसर्च सेंटर को आईसीआईसीआई फाउंडेशन के द्वारा संयोजित किया गया है प्रशिक्षण सत्र में ऋषिकेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 35 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और प्रशिक्षण के दौरान वर्क प्लेस फस्ट ऐड, बीएलएस एवं होम हेल्थ एड का व्यवहारिक अभ्यास किया। जिससे वह आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को तत्काल सहायता प्रदान कर उसके जीवन का संरक्षण कर सकें। इस मौके पर इंटर्न डॉ. आस्था, डॉ. कैलाश मीना, डॉ. मोहित जलाप, डॉ. प्रथम जैन, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर बजरंग, संदीप सिंह, सूरज सिंह राणा, अंजना, बॉबी, साक्षी के अलावा आशा कार्यकर्ता, स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स), वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के सदस्य मौजूद रहे। एम्स की ओर से नियमिततौर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशिक्षण को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और आमजन को जीवन रक्षक तकनीकों से सशक्त बनाना है। बताया गया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को आयोजित किए जाएंगे। लिहाजा आम जनमानस जीवन संरक्षण की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण इस प्रशिक्षण में दक्षता प्राप्त करने व एम्स के सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम के तहत समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से निर्धारित दिवस पर प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग कर सकते हैं।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवादाताओं की। सम्पर्क करें – 9410731129, 9548880101

# सम्पादकीय

## विकास की और कदम


सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत : डॉ अग्रवाल



जतिन शर्मा

डोईवाला। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान माता की चुनरी ओढ़ाकर मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर बधाई भी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री आदित्य कोठारी, सिद्धार्थ अग्रवाल सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बंजारावाला में एक स्टोन केशर सीज किया गया

हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्टोन केशर द्वारा नियम विरुद्ध कार्य करने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए विगत दिवस देर सांय खनन विभाग को छापेमारी करने के निर्देश दिये। खनन विभाग की टीम ने बंजारावाला पहुँचकर अवैध खनन में लिप्त एक स्टोन केशर को देर सांय सीज किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध खनन, भण्डारण के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा अवैध खनन भण्डारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलता रहेगा। जिला खान अधिकारी मौहम्मद काजिम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में खनन विभाग की टीम द्वारा तहसील हरिद्वार के बंजारावाला में अमित स्टोन केशर द्वारा अवैध खनन की सूचना पर टीम द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान स्टोन केशर में अवैध खनन पाये जाने पर स्टोन केशर को सीज कर करते हुए अवैध खनन की पैमाईश करते हुए नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुरू: आदेश चौहान





जतिन शर्मा

हरिद्वार। रानीपुर विधानसभा के सीतापुर क्षेत्र स्थित पृथ्वीराज चौहान धर्मशाला में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बहादराबाद मंडल और चौक बाजार मंडल की संयुक्त विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा एवं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनु कक्कड़ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल चल रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में सशक्तता हासिल की है। भारत का लोहा पूरे विश्व में स्वीकार किया है। मोदी सरकार के द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए लाई गई योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से समाज के हर वर्ग को मिला है। जहां एक ओर कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के समय से चिकित्सा व्यवस्था के साथ साथ करोड़ो जरूरतमंद परिवारों को निरंतर मुफ्त राशन पहुँचाया जा रहा है वहीं देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ साथ देश के दुश्मनों को सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुस कर निपटाने की क्षमता भी दिखाई है। जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि 11 वर्षों का मोदी सरकार का भारत को विकसित करने का कार्य निरंतर जारी है। चाहे रक्षा क्षेत्र हो या आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में किए गए कार्य संपूर्ण विश्व के सामने है। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनु कक्कड़ ने 11 वर्षों की मोदी सरकार की उपलब्धियों पर कहा कि देश सड़क, परिवहन ,कृषि, उद्योग ,रक्षा, चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ आप निर्भर बना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष विपिन शर्मा , वरूण वाशिष्ठ, पार्षद सुनील पाण्डे, हरविंदर सिंह, योगेन्द्र सैनी , आशुतोष चक्रपाणि, विनीत चौहान, नागेन्द्र राणा, मनोज परालिया, अंकुर मेहता, अतुल वशिष्ठ सहित मण्डल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# भूपतवाला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार द्वारा टेंपो को टक्कर मारने का वीडियो सामने आया

हरिद्वार। हरिद्वार में तेज रफ्तार कार ने एक टेंपो (विक्रम) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक रुकने की बजाय और तेजी से अपनी कार को भगा ले गया,जबकि, इधर कार की टक्कर में टेंपो पलट गया। जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई।जिसमें कुछ लोग मामूली घायल हो गए। वहीं, पूरा हादसा एक वाहन में लगे डैशकैम में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही कार एक टेंपो को टक्कर मारती है। जिससे टेंपो पलट जाता है, लेकिन कार चालक रुकता नहीं है, बल्कि कार लेकर भाग जाता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो एक दिन पुराना बताया जा रहा है, जब दूधाधारी फ्लाईओवर पर एक कार तेजी से जा रही थी। जबकि, साइड से एक टेंपो भी गुजर रहा होता है, जिसमें सवारी भी बैठी हुई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार टेंपो को ओवरटेक करने की कोशिश करती है, लेकिन कार पीछे से टेंपो को टक्कर मार देती है. जिससे टेंपो सड़क के किनारे जाकर पलट जाता है। इस हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच जाती है। टेंपो पलटता देख राहगीर रुक कर मदद करते हैं, लेकिन कार चालक रोक कर मदद करने की बजाय कार लेकर फरार हो जाता है। गनीमत रही कि जहां हादसा हुआ वहां फ्लाई ओवर सड़क लेवल पर था,टेंपो में सवार कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई.

darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी

**सहसम्पादक**

जतिन शर्मा

**सहसम्पादक**

विक्रान्त शर्मा

**कानूनी सलाहकार**

जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# वरिष्ठ पत्रकार के पुत्र पर हुआ जानलेवा हमला, आनंद आचार्य हुए गंभीर रूप से घायल

आर. के. जोशी

सादुलपुर। राजगढ़ के वार्ड 8 में आज प्रात: रंजिश वश किए गए जानलेवा हमले में पत्रकार पुत्र आनन्द आचार्य घायल होकर लहूलुहान गए। आनन्द के सिर में गम्भीर चोटें आई है, जिनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे में यहां के वरिष्ठ पत्रकार मदन मोहन आचार्य ने राजगढ़ पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमे के अनुसार परिवादी के पड़ोसी श्रीराम आचार्य व उसकी पत्नी अनुसूईया प्रार्थी और परिवार से रंजिश रखते हैं। प्रार्थी अपने पट्टेशुदा भूखंड में इजाजत तामीर लेकर नियमानुसार निर्माण कार्य करवाना चाहते



हैं। इस वैध कार्य को श्रीराम आचार्य परिवार व उसके साथी होने नहीं देना चाहते। आज को प्रात जब भूखंड पर नींव खुदवाई जा रही थी उसे समय आनंद आचार्य सविता,केशव व पीयूष मौके पर खड़े थे, उस दौरान श्रीराम आचार्य, अनुसूईया उनके पुत्र ओम पुत्री मुस्कान तथा भतीजे पवन कुमार पुत्र बृजमोहन आचार्य अचानक भूखंड में घुस आए और गंदी गंदी गालियां देते हुए आनंद आचार्य पर टूट पड़े। मारपीट में आनंद आचार्य नीचे गिर गया तो ओम ने वहां पड़ी लोहे की कस्सी उठाकर सिर पर मार दी। इस प्राणघातक हमले से आनंद का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। सविता ने बीच बचाव करना चाहा तो उस पर भी वार किए गए और वह भी चोटिल हो गई। उल्लेखनीय है कि श्रीराम आचार्य परिवार पिछले काफी समय से परिवादी को तंग परेशान कर रहा है। श्रीराम आदि नहीं चाहते कि मदन मोहन आचार्य अपने पट्टेशुदा भूखंड पर मकान का निर्माण करवाए। उनकी मंशा भूखण्ड हथियाने की है। इस प्रकार की स्थिति में 1 जून को राजगढ़ थाने में परिवाद भी दिया था और पुलिस ने उसकी जांच भी की थी। जांच के दौरान मौके पर पुलिस के समक्ष श्रीराम आटा चक्की व पवन कुमार सेवन स्टार स्टूडियो आदि ने हरकत की थी। तब जांच अधिकारी एसआई सरदार धर्मेंद्र सिंह उन्हें पकड़ कर थाने ले गए थे। पुलिस ने बिना किसी प्रकार की कार्यवाही किए घंटे भर बाद उनको छोड़ दिया जिससे इन तत्वों के हौसले और बढ़ गए और मुख्य गेट का दरवाजा तोड़ दिया गया जब इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो भी उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। यदि पुलिस उस दिन कार्रवाई कर देती तो यह सिर फुटौव्वल की स्थिति नहीं बनती। पुलिस की ढिलाई के कारण राम आचार्य, अनुसुइया पवन कुमार और उसके साथी बेधड़क होकर गैर कानूनी हरकतें कर रहे हैं। राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार को सौंप गई है।

# पालिका अध्यक्ष की सम्पत्ति के स्रोतों की जांच की मांग

हरिद्वार। नगर पालिका शिवालिक नगर के सभासद अमरदीप सिंह रॉबिन ने नगर पालिका में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पालिका अध्यक्ष की संपत्ति और आय के स्रोतों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही 22 जून को धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की घोषणा की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सभासद अमरदीप सिंह रॉबिन ने आरोप लगाया कि नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बन गयी है। अधिकारी सुविधा के अनुसार फाइल आगे बढ़ाते हैं। जिला अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद आयोजित की गयी बोर्ड बैठक की प्रोसीडिंग भी सभासदों को अब तक नहीं दी गयी है। विरोध में आवाज उठाने वाले सभासदों को धमकाया जा रहा है। विरोध कर रहे सभासदों के वार्डों में सफाई और अन्य विकास कार्य भी नहीं कराए जा रहे हैं।अमरदीप सिंह रॉबिन ने फर्जी टेंडर और बिना कार्य के ठेकेदारों को भुगतान करने का आरोप भी लगाया और कहा कि पेयजल, कूड़ा निस्तारण और आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए कोई योजना या नीति लागू नहीं की गयी है। सड़कों की हालत जर्जर है। सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। पूरे नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान सभासद अमरदीप सिंह रॉबिन ने एक सात सूत्रीय मांग पत्र भी जारी किया। जिसमें पालिका अध्यक्ष की संपत्ति और आय के स्रोतों की सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी से जांच, बीएचईएल में लगाए गए यूनिपोल की वैधता व उससे अवैध कमाई की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों की सूची सार्वजनिक करने, बोर्ड बैठक की कार्यवाही सभासदों को उपलब्ध कराने, कूड़ा प्रबंधन और पेयजल आपूर्ति नीति को सार्वजनिक करने, पालिका अध्यक्ष द्वारा सभासदों और जनता के प्रति अभद्र भाषा और व्यवहार पर रोक लगाने, नगर पालिका की कार्यशैली में जनभागीदारी सुनिश्चित करने आदि शामिल हैं।

# भारतीय किसान यूनियन हरियाणा ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के दो दिवसीय चिंतन शिविर के समापन के पश्चात उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश राजपूत ने किसानो विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। सुरेश राजपूत ने कहा कि लंबे समय से किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी देने के लिए कानून बनाया जाए। किसान मजदूर का कर्ज बिना शर्त माफ किया जाए। बिजली का निजीकरण बंद किया जाए। सुरेश राजपूत ने कहा कि फसल बीमा पॉलिसी के नाम पर किसानों से लूटखसोट पर तुरंत रोक लगे। फसल बीमा पॉलिसी में गांव को इकाई ना मानकर प्रति एकड़ को इकाई माना जाए और बीमा प्रीमियम राशि सरकार खुद वहन करे। किसानों के प्रति अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। इस पर भी पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। भूमि अधिग्रहण कानून को रद्द किया जाए।



केंद्र द्वारा संचालित नई कृषि बाजार नीति किसानों के हितों में नहीं बनाई गई है। किसानों के हितों को देखकर ही नीतियां बनाई जाएं। सिंधु और टिकरी बॉर्डर पर शाहिद किसानों की याद में स्मारक का निर्माण किया जाए। जिसके लिए हरियाणा और दिल्ली सरकार जगह उपलब्ध कराए। दिल्ली में भूमि का सर्किल रेट प्रति एकड़ किया जाए। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रभारी सुरेश कुमार छिल्लर ने कहा कि सरकार को किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए। किसानों के मुआवजे की राशि तुरंत दी जानी चाहिए। जंगली जानवरों एवं मौसम की मार से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई भी तत्काल की जाए। कृषि कार्य के लिए किसानों को बिजली मुफ्त दी जाए और किसानों के बच्चो शिक्षा नि:शुल्क की जाए। इस दौरान कालूराम व दिनेश भी मौजूद रहे।

# महानगर व्यापार मंडल ने मां गंगा में दीपदान कर अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी के संयोजन में पदाधिकारियों साथियों द्वारा सर्वानंद घाट पर उपस्थित होकर कल अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गवाने वाले मृतकों की आत्मा की शांति को गंगा घाट पर दो मिनट का मौन रख गंगा में दीपदान कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मां गंगा से इस असहनीय दुख को उनके परिवारों को सहने की शक्ति की कामना मां गंगा से की। सुनील सेठी ने इस अवसर पर कहा कि ये बहुत ही बड़ी त्रासदी है जो चंद सेकेंड में कई जिंदगियां लील गई कल हुई अनहोनी से पूरा विश्व निशब्द है जिस प्रकार की घटना अनहोनी कल हुई उसकी कल्पना करके ही दिल टूट जाता है मां गंगा से हम प्रार्थना करते है कि ऐसी अनहोनी कभी न हो। अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष अधीर कौशिक एवं पार्षद आकाश भाटी ने कहा कि कल से अब तक घटना की खबरें देख उनके रोते बिलखते परिवारों का दर्द देख दिल पसीज गया है इतनी बड़ी अनहोनी से कई परिवार तबाह हो गए ये एक भीषण हादसा था जो कभी भी भुलाया नहीं जा पाएगा हम मां गंगा से उनके परिवार को इतने बड़े दुख को सहने की शक्ति की प्रार्थना मां गंगा से करते है।दीपदान कर प्रार्थना करने वालो में मुख्य रूप से महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी , परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष अधीर कौशिक, योग अनुभव स्वामी विश्वास पूरी महाराज, पंडित पवन शास्त्री,पार्षद आकाश भाटी, ओटो यूनियन अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, बृजमोहन शर्मा, कुलदीप शर्मा,महेश कालोनी, राजू जोशी, एस एन तिवारी, मनोज कुमार, दीपक उप्रेती रहे उपस्थित।



# वैश्विक मंच पर देसंविवि का प्रभाव और मिशन युग निर्माण की प्रेरणा को मिली नई ऊर्जा





जतिन शर्मा

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं गायत्री विद्यापीठ व्यवस्था मण्डल की प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या दो दिवसीय प्रवास के क्रम में दुबई पहुंचे। दुबई के प्रतिष्ठित शंग्रीला होटल स्थित लाइफस्टाइल योगा स्टूडियो में युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पंड्या ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से आत्मीय भेंट की। यह एल्यूमिनी मिट केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि विश्वभर में फैले विश्वविद्यालय के छात्रों को एकजुट कर, भारतीय संस्कृति, योग एवं युग निर्माण मिशन के उद्देश्यों को वैश्विक मंच पर मजबूती देने का एक ऐतिहासिक क्षण बना। पूर्व छात्रों ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि हमारे आदरणीय प्रतिकुलपति सर पधारे हैं, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि उनके छात्र जीवन में युवा आइकॉन डॉ. पंड्या जी का मार्गदर्शन, आत्मीय संवाद और मूल्यपरक दृष्टिकोण ही आज हमें इस मुकाम तक लेकर आया है। पूर्व छात्रों ने इस भेंट को अपने जीवन की एक प्रेरणादायक उपलब्धि के रूप में देखा और देसंविवि से मिले संस्कारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय योग केंद्र में 100 से अधिक देशों के लोग योग सीखते हैं। यहाँ के योग प्रशिक्षक देसंविवि के पूर्व छात्र सुमित मानव, शुभम, प्रियांशी वाजपेयी आदि ने आज वैश्विक योग मंच पर प्रतिष्ठित स्थान बना चुके हैं। युवा आइकॉन ने सभी को विश्वविद्यालय का प्रोस्पेक्टस और शैक्षणिक प्लानर आदि भेंट किया और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। वहीं डॉ. पंड्या ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर कॉम्प्लेक्स स्थित सन ऑफिस में आयोजित एक संगोष्ठी में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों और वरिष्ठ परिजनों से आत्मीय संवाद किया। संगोष्ठी में अरब रीजन योग कार्उसिल के संयोजक चरतजी आदि की उपस्थिति में शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी और परम पूज्य युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संकल्पों की पूर्ति हेतु सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की चुनौतियों के बीच युग निर्माण का संकल्प और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। इससे पूर्व युवा आइकॉन एवं संगोष्ठी में शामिल सभी लोगों ने अहमदाबाद विमान हादसा में दिवंगत आत्माओं की शांति एवं सद्गति हेतु मौन प्रार्थना की। उधर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया शैलदीदी ने अहमदाबाद विमान हादसा के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत हृदयविदारक है। हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति व सद्गति के लिए सर्वशक्तिमान माता से प्रार्थना करते हैं। प्रमुखद्वय ने कहा कि संपूर्ण गायत्री परिवार इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की मुख्यमंत्री धामी से शिष्टाचार भेंट



जतिन शर्मा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय महिला आयोग (हृद्ध) की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने शिष्टाचार भेंट की । मुख्यमंत्री धामी ने विजया किशोर रहाटकर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल भी उपस्थित थी।

## वीरभद्र संगठन की नवीन कार्यकारिणी ने मुलाकात :डा. अग्रवाल

जतिन शर्मा

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल से भाजपा संगठनात्मक मंडल वीरभद्र की नवीन कार्यकारिणी ने मुलाकात की। इस दौरान डा. अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने को कहा। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में डा. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक अनुशासनात्मक संगठन है, जो विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भी है। कहा कि भाजपा में निर्विवाद और स्वच्छ छवि के लोगों को स्थान मिलता है। उनकी योग्यता के अनुसार पद भी दिए जाते हैं। डा. अग्रवाल ने सभी नवीन पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। कहा कि भाजपा



संगठन ने जो विश्वास आप पर जताया है, उसे जिम्मेदारी के साथ निभाएं। कहा कि भाजपा संगठन को आगे बढ़ाकर आम जनता को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। जिससे आम जनता योजना का लाभ उठा सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष बालम सिंह रावत, राजेश कुमार, विपिन पंत, होम राज गुप्ता, महामंत्री निखिल बड़थ्वाल, मंत्री विवेक चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, अनिल कुमार, मनोरमा देवी, कोषाध्यक्ष राम कैलाश, कार्यालय मंत्री ममता ममगाई, मीडिया संयोजक प्रदीप चंद्रा, आईटी संयोजक विमल नेगी, सोशल मीडिया संयोजक सुमन रावत आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में यूसीसी पंजीकरणों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय रोशनाबाद स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त रजिस्ट्रार एवं सब-रजिस्ट्रार उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पंजीकरण की संख्या में वृद्धि, विभागीय पंजीकरण दर बढ़ाने तथा यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के प्रचार-प्रसार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जिन प्रकरणों में अपील या ऑटो अपील की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उन पर सभी रजिस्ट्रारों को अपने स्तर से गहन समीक्षा कर उन्हें स्वत- और समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि सब-रजिस्ट्रार की लापरवाही के कारण कोई प्रकरण अनावश्यक रूप से अपील में न जाए, इसकी विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक के दौरान दो ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश भी जारी किए गए। सभी रजिस्ट्रारों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में आवेदनों का सही एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें और सब-रजिस्ट्रारों की नियमित समीक्षा करें। बैठक में ईडीएम अभिषेक चौहान द्वारा सभी अधिकारियों को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) प्रकरणों के सही निस्तारण हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **देवेन्द्र जौहरी** द्वारा साप्ताहिक समाचार पत्र **''गुरुकृपा दर्पण''** को रूद्र प्रिंटिंग प्रेस, ई-34, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं एस-3, अशोक विहार कालोनी, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. - 9997331129
E-mail : gurukripadarpan@gmail.com